आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. वित्तीय सेवाएं विभाग वित्तीय समावेशन योजनाओं और अन्य प्रमुख कार्यों के प्रसार के लिए कल से राष्ट्रव्यापी अभियान आयोजित करेगा।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कानून–व्यवस्था और स्वाइन फ्लू के संबंध में निर्देश जारी किए।
3. द्वीपसमूह में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की मौजूदा स्थिति और इसे रोकने के उपायों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
4. अंडमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नवम्बर–दिसम्बर माह में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

वित्तीय सेवाएं विभाग–डीएफएस ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं और अन्य प्रमुख कार्यों के व्यापक प्रसार के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान आयोजित करेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह अभियान कल से इक्कतीस दिसंबर तक चलेगा और इसमें देश भर की दो लाख सत्तर हजार ग्राम पंचायतें और शहरी स्थानीय निकाय शामिल होंगी। अभियान के दौरान बैंक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में नामांकन के लिए शिविर लगाएंगे। किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

<><><><><><><><>

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल किसानों के लिए उन्नत कृषि कल्याण पोर्टल की शुरुआत की। पोर्टल का उद्देश्य देशभर के किसानों को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और कृषि संबंधी विश्वसनीय जानकारी सीधे उनके मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराना है। इससे सरकारी प्रक्रियाओं की जटिलताएं दूर होंगी और बिचौलियों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि यह पोर्टल किसानों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगा।

<><><><><><><><>

दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर, उप–राज्यपाल डॉ. दिने"ा शर्मा ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदे"ा में उन्होंने कहा कि यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और हमें सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। महिषासुर पर माँ दुर्गा की विजय और रावण पर भगवान श्री राम की विजय हमें साहस, विश्वास और अटूट संकल्प के साथ चुनौतियों का सामना करने का संदेश देती है। उन्होंने द्वीपवासियों से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को सहेजने, करुणा को बढ़ावा देने और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई तथा स्वाइन फ्लू से बचाव और उसके इलाज से जुड़े उपायों में तेजी लाने के निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही, भारत सरकार के अनुमोदन से अग्निवीरों की नियुक्ति की गई तथा राधानगर बीच पर एक एम्बुलेंस वैन और एलिफेंटा बीच पर एक रेस्क्यू बोट तैनात करने के निर्देश दिए गए।

<><><><><><><><>

राज्य पशु रोग आपातकालीन समिति ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में द्वीपसमूह में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की मौजूदा स्थिति और इसे रोकने के उपायों की समीक्षा की। इस बैठक में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग के एक दल ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान तीनों जिलों के उपायुक्तों ने समिति को मौजूदा स्थिति और उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार श्री विजयपुरम के प्रभावित क्षेत्रों में सुअर को मारने का अभियान शुरू कर दिया गया है, जबकि प्रभावित और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, नमूना संग्रह, सैनिटाइजेशन और जन जागरूकता गतिविधियों को तेज किया जा रहा है। पशुपालन आयुक्त ने जैव सुरक्षा, संदिग्ध मामलों की समय पर रिपोर्टिंग, नियमित निगरानी, मृत पशुओं के सुरक्षित निपटान तथा सुअरों और सुअर के मांस के अनधिकृत

परिवहन को रोकने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग को अगले तीन महीनों के लिए कीटाणुनाशक और सुरक्षात्मक उपकरणों सहित आवश्यक सामग्रियों का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोर्ट मैनेजमेंट बोर्ड, विमानन अधिकारियों और जिला प्रशासनों को निगरानी मजबूत करने तथा पोर्क उत्पादों के परिवहन पर लागू प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने सुअर पालकों और आम जनता से पशु चिकित्सा अधिकारियों का सहयोग करने, निर्धारित जैव सुरक्षा उपायों का पालन करने और सुअरों में किसी भी संदिग्ध बीमारी या मौत की सूचना तुरंत निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान को देने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने जिले में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की रोकथाम, नियंत्रण और तैयारियों की समीक्षा के लिए पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, उपायुक्त ने बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों, पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय समुदायों के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को कड़ी निगरानी रखने, संदिग्ध मामलों की तुरंत रिपोर्ट करने और निर्धारित निवारक उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पशु चिकित्सा विभाग को सुअर पालकों और आम जनता के बीच अफ्रीकन स्वाइन फीवर के लक्षणों, इसके फैलने के तरीकों और प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में जागरूकता गतिविधियों को तेज करने के निर्दे"ा दिए गए। बिना उचित अनुमति के प्रभावित क्षेत्रों से सुअरों और सुअर के मांस की आवाजाही को रोकने तथा सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं से भी गांव स्तर पर दिशा–निर्देश जारी कर सुअर पालकों को संदिग्ध मामलों की समय पर रिपोर्टिंग के लिए पशु चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने, विभागाध्यक्षों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने और नामित जिला–स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन ने सभी से आधिकारिक सलाह का पालन करने और अफ्रीकन स्वाइन फीवर को नियंत्रित करने के सामूहिक प्रयास में संबंधित विभागों का सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से नवम्बर–दिसम्बर माह में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। लड़के, लड़कियों, पुरुष और महिला श्रेणी मे विभिन्न आयु–वर्ग के टूर्नामेंट नवंबर के पहले सप्ताह से शुरू होंगे। इस संबंध में सभी टीम अधिकारियों, टीम प्रमुखों और संबंधित प्रतिनिधियों से टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए अपनी टीमों का पंजीकरण कराने को कहा गया है। पंजीकरण के लिए गूगल फॉर्म एसोसिए"ान के संयुक्त सचिव मोहम्मद असलम के पास उपलब्ध हैं। इसके अलावा एसोसिए"ान की ओर से अंडमान प्रीमियर लीग भी आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जानकारी बाद में दी जाएगी।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने 'रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' टूरिज्म इंटरवेशंस, 2026–27 के तहत प्रोफेशनल शेफ अपस्किलिंग प्रोग्राम के लिए इच्छुक युवाओं, खान–पान की दुकानों, होटलों, रेस्तरां और स्व–सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसमें सीमित सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र पर्यटन निदेशालय, के योजना अनुभाग में तीस अक्तूबर दोपहर तीन बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से भी भरे जा सकते हैं।

<><><><><><><>